देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 60 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार–प्रवाह...हर व्यक्ति पर नजर



# पेज श्री

देहरादून, शनिवार, 30 मई 2020



मौसम अधिकतम 28.0⁰ न्यूनतम 19.0⁰

32424.10

2 ट्रंप ने फिर की मोदी की तारीफ

7 कभी नहीं कहा जानबूझकर हारा भारत

# उत्तराखंड में कोरोना 600 पार

## आधे दिन में ही कोरोना के सर्वाधिक 102 नए मामले आए

**संवाददाता**


देहरादून। उत्तराखंड में शुक्रवार को 2 बजे तक की हेल्थ बुलेटिन में कोरोना के सर्वाधिक 102 नए मामले सामने आए हैं, इनमें 54 अकेले देहरादून में हैं। पॉजिटिव आए मरीज हाल ही में मुंबई, दिल्ली, अहमदाबाद और गुरुग्राम से लौटे हैं। सभी को संस्थागत क्वारंटाइन किया गया था। अब इन्हें आइसोलेट किया जा रहा है। प्रदेशभर में कोरोना संक्रमितों की संख्या 624 हो गई है, जिनमें से 89 मरीज स्वस्थ हो गए हैं, जबकि पांच लोगों की मौत हो चुकी है। इसके अलावा तीन अन्य मरीज राज्य से बाहर चले गए हैं।

प्रवासियों की वापसी के बाद से ही उत्तराखंड में कोरोना वायरस का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है, जिसने सरकार के साथ ही लोगों की भी चिंता बढ़ा दी गई है। शुक्रवार सुबह से अबतक 102 मामले सामने आ चुके हैं। इनमें सबसे ज्यादा देहरादून में 54 मामले सामने आए हैं, जिनमें से दस मरीज दून अस्पताल के संदिग्ध वॉर्ड में भर्ती हैं। अन्य मामले स्पोर्ट्स कालेज, आसारोडी आदि जगह पर रैंडम सैंपलिंग में आए हैं। इसके साथ ही अल्मोड़ा में 15, बागेश्वर जिले में आठ, ऊधमसिंहनगर में चार मामले सामने आए हैं। चारों संक्रमित महाराष्ट्र से लौटे थे। इसके अलावा दो–दो मामले पौड़ी गढ़वाल, रुद्रप्रयाग और नैनीताल के हैं। वहीं, हरिद्वार में चार और पिथौरागढ़ में एक पॉजिटिव केस मिला है।

**टिहरी के आठ युवक संक्रमित**

मुंबई से लौटे टिहरी जिले के आठ युवक कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। ये सभी ऋषिकेश के एमआइटी में क्वारंटाइन किए गए थे। पूर्णानंद में इन सभी लोगों की सैंपलिंग हुई थी, जिसके बाद सैंपल जांच के लिए श्रीनगर भेजे गए थे। श्रीनगर बेस अस्पताल से मिली जांच रिपोर्ट में ये सभी संक्रमित पाए गए हैं। अब जिले में 70 सक्रिय केस हैं।

## प्रवासियों की वापसी के बाद से ही कोरोना वायरस का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा



### देहारदून जिले में 54 मामले

देहरादून में शुक्रवार को 2 बजे तक की हेल्थ बुलेटिन में कोरोना के 54 नए मामले सामने आए हैं। मसूरी में लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी का एमटीएस(चतुर्थ श्रेणी) कर्मचारी कोरोना संक्रमित पाया गया है। एसडीएम वरुण चौधरी से मिली जानकारी के अनुसार ये शख्स 17 मई को मसूरी पहुंचा था, वो अकादमी के गोमती निवास में घर में अकेला ही रहता था और उसे घर पर ही आइसोलेट किया गया था, जिसके बाद 23 मई को उसे दून हॉस्पिटल भेजा गया। वहीं, विकासनगर में एक महिला समेत दो लोग कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। चिकित्सक दोनों की ट्रैवल हिस्ट्री पता कर रहे हैं।

### नैनीताल में दो युवक कोरोना पॉजिटिव

नैनीताल के तल्लीताल टीआरसी में क्वारंटाइन दो युवकों की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव मिली है। बीडी पांडेय अस्पताल के पीएमएस डॉ. केएस धामी ने बताया कि दोनों युवक बेतालघाट के निवासी हैं, जिनमें से एक को 22 और दूसरे को 25 मई को क्वारंटाइन किया गया था।

**रुद्रप्रयाग के दो युवकों में पुष्टि**

दिल्ली से लौटे रुद्रप्रयाग के दो युवकों में कोरोना पॉजिटिव की पुष्टि हुई है। श्रीनगर बेस चिकित्सालय में इनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। ये 20 मई को दिल्ली से निजी वाहन से रुद्रप्रयाग आए थे, जहां प्रशासन ने संस्थागत क्वारंटाइन किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम अजीत जोगी का निधन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

रायपुर। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी का शुक्रवार दोपहर लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। बीते 9 मई को कार्डियक अरेस्ट के बाद उन्हें रायपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था। इलाज के दौरान आज उन्होंने अंतिम सांस ली। अजीत जोगी के बेटे अमित जोगी ने ट्विटर पर पूर्व सीएम की मौत की खबर की पुष्टि की। उन्होंने यह भी बताया कि अंतिम संस्कार शनिवार को अजीत जोगी के जन्मस्थान गोरैला में होगा।

### दिल्ली में कोरोना 17 हजार पार, सिसोदिया बोले– घबराएं नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। देश में कोरोना वाइरस के मरीजों की सख्या 1.65 लाख के पार पहुंच गई है। वहीं दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कोरोना वायरस के बढ़ते केसों से नहीं घबराने की बात कही है। सिसोदिया ने कहा है कि दिल्ली में अच्छी बात यह है कि मरीज बढ़ रहे हैं लेकिन ठीक होनेवाले लोगों का ग्राफ भी तेजी से ऊपर जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुल मरीजों में से 50 प्रतिशत ठीक हो चुके हैं।

### पुलवामा कार बमः आतंकी का भाई हुआ अरेस्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

श्रीनगर। कश्मीर के पुलवामा में गुरुवार को जिस कार में करीब 50 किलो विस्फोटक बरामद हुए थे, वो हिज्बुल के आतंकी हिदायतुल्ला मलिक की थी। पुलिस ने इस बारे में एक बड़ा खुलासा करते हुए हिदायतुल्ला मलिक के भाई समीर मलिक को दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले से गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि समीर मलिक से सख्त पूछताछ की जा रही है। हिदायतुल्ला मलिक हिज्बुल का आतंकी है और उसने साल 2019 में कश्मीर में आतंकी संगठन जॉइन किया था।

# मोदी का मूड ऑफ? भारत बोला– ट्रंप से बात कब?

## ट्रंप ने किया था पीएम मोदी का मूड खराब होने का दावा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई नई दिल्ली। भारत–चीन सीमा पर तनाव को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ताजा बयान को सरकार से जुड़े सूत्रों ने खारिज किया है। ट्रंप का दावा था कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद मोदी से इस बारे में बात की है और वह अच्छे मूड में नहीं हैं। एक दिन पहले ही ट्रंप ने भारत–चीन के बीच जारी सीमा विवाद में मध्यस्थता की पेशकश की थी। ट्रंप के हालिया बयान पर सूत्रों ने ने कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति और पीएम मोदी की इस महीने कोई बातचीत ही नहीं हुई है।

सूत्रों ने बताया कि आखिरी बार दोनों नेताओं की बात 4 अप्रैल, 2020 को हाइड्रोक्सीक्लोरोक्वीन दवा के मुद्दे पर हुई थी।

**ट्रंप ने मीडिया से बातचीत में किया था दावाः** वाइट हाउस स्थित ओवल ऑफिस में मीडिया के सवालों का जवाब दे ट्रंप ने गुरुवार को यह दावा किया था। उन्होंने भारत–चीन सीमा विवाद का जिक्र करते हुए कहा, भारत–चीन में बड़ा विवाद है। दोनों देशों की सेनाएं बहुत ही ताकतवर हैं। भारत खुश नहीं है और मुमकिन है कि चीन भी खुश नहीं है। ट्रंप से जब पूछा गया कि क्या भारत–चीन के बीच सीमा पर चल रही तनातनी से वह चिंतित हैं तो उन्होंने जवाब दिया, मैं आपको बता रहा हूं कि मैंने पीएम मोदी से इस बारे में बात की है। चीन के साथ जैसा चल रहा है, उसको लेकर वह अच्छे मूड में नहीं हैं।

पूरे विवाद पर ट्रंप का बयान आने के बाद चीन के सुर नरम पड़ते दिख रही हैं।

### भारत ने ट्रंप के बयान पर क्या कहा?

भारत सरकार के सूत्रों के हवाले से जानकारी दी है कि पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच आखिरी बातचीत 4 अप्रैल को हुई थी। तब दोनों नेताओं ने HydroÛychloroquine को लेकर बात की थी। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को ही साफ कर दिया था कि वह डिप्लोमेटिक चैनल्स के जरिए चीन के सीधे संपर्क में है।

## चीन पर केंद्र सरकार चुप क्योंः राहुल गांधी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सीमा पर भारत–चीन के बीच तनाव को लेकर मोदी सरकार पर चुप्पी साधने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि केंद्र की चुप्पी से तरह–तरह की अटकलें लग रही हैं। सरकार को पूरे देश को साफ–साफ बताना चाहिए कि आखिर हो क्या रहा है। राहुल गांधी ने ट्वीट किया, चीन के साथ सीमा पर हालात को लेकर सरकार की चुप्पी से तरह–तरह की अटकलों और इस संकट काल में अनिश्चितता को बल मिल रहा है। भारत सरकार को साफ–साफ देश को बताना चाहिए कि असल में आखिर हो क्या रहा है। दो दिन पहले ही कांग्रेस ने लद्दाख में हालात और चीन के साथ तनाव को गंभीर राष्ट्रीय चिंता वाली बात करार दिया था। कांग्रेस ने सरकार से इस मुद्दे पर देश को विश्वास में लेने और लोगों की चिंताओं को दूर करने की अपील की थी।

## 2 पैनलों की लॉकडाउन न बढ़ाने की सिफारिश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■बुरी तरह प्रभावित शहरों में पाबंदियां जारी रखने की सिफारिश

नई दिल्ली। कोरोना वायरस लॉकडाउन 4 के खत्म होने की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। सबके मन में सवाल उठ रहा है कि लॉकडाउन–5 का ऐलान होगा या अब पाबंदियों को उठा लिया जाएगा। इसके लिए पीएम मोदी और गृह मंत्री मंथन कर रहे हैं तो राज्यों से भी सुझाव मांगे जा रहे हैं। इस बीच कोरोना से निपटने के लिए सरकार द्वारा बनए गए 2 अहम पैनलों ने लॉकडाउन को और आगे न बढ़ाने की सिफारिश की है। हालांकि, कोरोना से बुरी तरह प्रभावित इलाकों में पाबंदियों को बरकरार रखने की सिफारिश की गई है। इस पर आखिरी फैसला शनिवार को लिया जा सकता है।

इन दोनों पैनलों ने लॉकडाउन 4.0 से निकलने के लिए एक एग्जिट स्ट्रैटिजी को पेश किया है। इसमें सिफारिश की गई है कि बुरी तरह प्रभावित इलाकों में पाबंदियों को जारी रखा जाए और जरूरत पड़े तो और ज्यादा सख्ती की जाए लेकिन बाकी जगहों से लॉकडाउन उठा लिया जाए।

पैनलों की रिपोर्ट से वाकिफ लोगों ने बताया कि स्कूलों, कॉलेजों, सिनेमा हॉलों और धार्मिक स्थानों को छोड़कर लॉकडाउन से जुड़ी सभी पाबंदियों को हटाने की सिफारिश की गई है। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को अभी नहीं शुरू करने की सिफारिश की गई है।

## सीबीआई ने कसा तबलीगी जमात पर शिकंजा

### कई आरोपों में आयोजकों के खिलाफ प्राथमिक जांच शुरू

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पिछले काफी दिनों से तबलीगी जमात की चर्चा हो रही है। खासकर तब से जब दिल्ली के मरकज में बिना इजाजत के तबलीगी जमात का एक कार्यक्रम किया गया, जिसके बाद कोरोना वायरस के मामलों में तेजी से बढ़ोत्तरी हुई। अब सीबीआई ने तबलीगी जमात के खिलाफ प्राथमिक जांच शुरू करने के लिए केस दर्ज कर लिया है। इसके आर्गेनाइजर्स पर आरोप है कि उन्होंने संदेहजनक कैश ट्रांजेक्शन कीं और अथॉरिटीज से यह जानकारी छुपाई कि तबलीगी जमात को विदेशों से भी डोनेशन मिलता है।

अधिकारियों ने कहा कि प्राथमिक जांच से ये तय किया जाता है कि किसी मामले की पूरी तरह से जांच करने की जरूरत है या नहीं। अगर जरूरत होती है तो फिर एफआईआर दर्ज कर के मामले की गहराई से छानबीन की जाती है।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you

What we do

Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in